भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 977
सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

भागलपुर में पर्यटन और ईको-पर्यटन को प्रोत्साहन

977. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का भागलपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐतिहासिक धरोहर विकसित करके पर्यटन को बढ़ावा देने का विचार है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की बिहार के भागलपुर जिले के बटेश्वर सहित देश में पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए किसी एजेंसी की सेवाएं ली गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का भागलपुर जिले में पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार का बिहार में भागलपुर जिले सहित ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को कोई प्रोत्साहन प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ड.): इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्रों को प्रोत्साहन सहित पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र प्रशासन का दायित्व है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन- थीम आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास, प्रशाद- तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए 15 थीमेटिक परिपथों में विरासत तथा इको - पर्यटन परिपथों को अभिज्ञात किया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन के योजना के तहत बिहार राज्य में विभिन्न परिपथों के तहत 5 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है । भागलपुर जिले में विशेष रूप से बटेश्वर के लिए कोई परियोजना अनुमोदित नहीं की गई है । हालाँकि, भागलपुर जिले में स्थित सुल्तानगंज स्वदेश दर्शन योजना के तहत

सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर में आध्यात्मिक परिपथ के विकास परियोजना के तहत शामिल गंतव्यों में से एक है ।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत बिहार के लिए स्वीकृत परियोजनाओं के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) लिमिटेड कार्यान्वयन एजेंसी है ।

*****